उद्योगों का विकेन्द्रीकरण

145. श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव : क्या उद्योग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उद्योगों के विकेन्द्रीकरण की दिशा में सरकार क्या कार्यवाही करने जा रही है;

(ख) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगीकरण की दिशा में सरकार अभी तक उदासीन रही है; और

(ग) यदि हां, तो इस दिशा में सरकार क्या कदम उठाना चाहती है ?

उद्योग मंत्री (श्री बृज लाल वर्मा) : (क) से (ग): औद्योगिक क्षेत्र में विकास, सामाजिक न्याय और आत्म निर्भरता के उद्देश्यों की प्राप्ति सम्बन्धी सरकार की औद्योगिक नीति संकल्प, 1956 से विनियमित है । औद्योगिक नीति संकल्प, 1956 में इस बात पर बल दिया गया है कि सरकारी नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होगा कि विकेन्द्रीकृत क्षेत्र स्वालम्बी बनने के लिए पर्याप्त क्षमता प्राप्त करें तथा इसका विकास बड़े उद्योगों के साथ समन्वित रूप में हो । अतः सरकार लघु उद्योगों उत्पादकों की प्रतियोगी सामर्थ्य में सुधार करने सम्बन्धी अभ्युपायों पर ध्यान केन्द्रित करेगी । सन्तुलित क्षेत्रीय विकास करना भी सरकार की नीति है ताकि देश के विभिन्न भागों में उद्योग स्थापित किए जा सकें । राष्ट्रीय नियोजन का एक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना भी है कि बिजली, परिवहन आदि सम्बन्धी सुविधाएं उन क्षेत्रों को भी स्थायी तौर पर उपलब्ध कराई जायें जो इस समय औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े हुए हैं तथा जहां रोजगार के अवसर प्रदान करने की बहुत सख्त जरूरत है । बशर्ते स्थापना स्थान अन्य सभी दृष्टियों से उपयुक्त हो । वर्तमान सरकार इस बात पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर रही है कि उद्योगों के विकेन्द्रीकरण के लिए अग्रेतर क्या अभ्युपाय किए जाने चाहिए ।

मंत्रियों पर किया गया व्यय

146. श्री राघवजी: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार ने 1-1-76 से 31-12-76 तक की अवधि में केन्द्रीय सरकार के प्रत्येक मंत्री के टेलीफोन, बिजली, निवास स्थान की मरम्मत एवं यात्राओं पर, पृथक्-पृथक् कितना व्यय किया ?

गृह मंत्री (चौधरी चरण सिंह) : सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

श्री संजय गांधी द्वारा सरकारी विमानों में यात्रा

147. श्री राघवजी : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भूतपूर्व प्रधान मंत्री के पुत्र श्री संजय गांधी ने 25 जून, 1975 के पश्चात् सरकारी विमानों द्वारा यात्रा की थी ; और

(ख) यदि हां, तो उसने ऐसे विमानों में कितनी बार यात्रा की और सरकार ने इस पर कितना खर्च किया ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम): (क) जी हां ।

(ख) उसने वायु सेना के विमानों में 49 अवसरों पर सभा पटल पर रखे गये विवरण "क" और "ख" में दी गई उड़ान सूचियों के अनुसार यात्राएं कीं । (ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये संख्या एलटी-110/77)